# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 26 जुलाई, 2025

वर्ष 01 | अंक 187 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# पीएम मोदी ने रचा इतिहास


## पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को पीछे छोड़ा

### बने देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री


आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 जुलाई 2025 को एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है। इस दिन उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में 4,078 दिन का कार्यकाल पूरा करते हुए इंदिरा गांधी के 4,077 दिनों के कार्यकाल को पीछे छोड़ दिया।



इस उपलब्धि के साथ वे अब देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गए हैं। उनसे आगे केवल भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू हैं, जिनका कुल कार्यकाल सबसे लंबा रहा। नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि न केवल समय की दृष्टि से अभूतपूर्व है, बल्कि उनके नेतृत्व की स्थिरता, जनविश्वास और राजनीतिक सूझबूझ का भी प्रमाण है।

### गुजरात से दिल्ली तक का 24 वर्षों का अटूट जननेतृत्व, देश के लिए नया रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री मोदी का राजनीतिक सफर वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुआ था और अब तक वे राज्य तथा केंद्र दोनों स्तरों पर लगभग 24 वर्षों से निर्वाचित सरकारों का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी नेता ने इतनी लंबी अवधि तक जनादेश प्राप्त कर शासन किया हो। यह न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय राजनीति में लोकतांत्रिक स्थायित्व का एक अद्वितीय उदाहरण भी है। नरेंद्र मोदी का यह सफर लगातार जनसमर्थन, नीतिगत स्पष्टता और देशहित में निर्णायक फैसलों से भरा रहा है, जिसने उन्हें जनता के बीच एक भरोसेमंद और सशक्त नेता के रूप में स्थापित किया।

### नरेंद्र मोदी: एक युगद्रष्टा नेता जिनका नेतृत्व बना नई पीढ़ी की प्रेरणा

नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत राजनीतिक जीवन का स्वर्णिम अध्याय है, बल्कि यह देश की लोकतांत्रिक यात्रा में एक ऐतिहासिक मोड़ भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति को आधार बनाकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। आज जब वे देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन चुके हैं, यह उपलब्धि न केवल उनके संकल्प और परिश्रम का परिणाम है, बल्कि यह देश की जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक भी है। नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में अब केवल एक प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक युगद्रष्टा नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं, जिनका नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बना रहेगा।

### ऐसे नेता जिनका नाम भारतीय राजनीति में कई ऐतिहासिक 'पहली बार' के साथ दर्ज

» नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि केवल कार्यकाल की लंबाई तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके नाम कई ऐसे रिकॉर्ड दर्ज हैं जो उन्हें भारत की राजनीति में एक विशेष स्थान प्रदान करते हैं:

» वे स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाले पहले और एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सबसे लंबे समय तक पद पर रहकर देश का नेतृत्व किया।

» वे सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं।

» गैर-हिंदी भाषी राज्य (गुजरात) से आने वाले वे पहले नेता हैं जो इतने लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर आसीन रहे।

» वे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार दो पूर्ण कार्यकाल पूरे किए और तीसरे कार्यकाल के लिए भी स्पष्ट बहुमत के साथ चुने गए।

» नरेंद्र मोदी पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं जिन्हें लोकसभा में स्पष्ट बहुमत मिला, और इंदिरा गांधी के बाद वे दूसरे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें लगातार दो बार पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ।

### छह चुनावों में लगातार जीत, मोदी की अपराजेय चुनावी यात्रा

» नरेंद्र मोदी की नेतृत्व यात्रा केवल सत्ता में बने रहने तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को लगातार छह चुनावों में जीत दिलाकर इतिहास रच दिया। मुख्यमंत्री के रूप में 2002, 2007 और 2012 में गुजरात विधानसभा चुनावों में जीत, और फिर 2014, 2019 व 2024 में लोकसभा चुनावों में ऐतिहासिक बहुमत के साथ विजय उनके नेतृत्व की व्यापक स्वीकार्यता का परिचायक है।



## थाईलैंड की प्रधानमंत्री ने अमेरिका और चीन दोनों की मध्यस्थता की पेशकश ठुकरा दी है

उन्होंने चेतावनी दी है कि "कंबोडिया के साथ सीमा विवाद एक बड़े युद्ध में बदल सकता है।" संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज रात एक आपात बैठक करेगी। 1,30,000 से ज़्यादा लोग पहले ही विस्थापित हो चुके हैं।

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन 'ताई' ने किया पोस्टर विमोचन, पत्रकार सम्मान समारोह व "एक शाम राष्ट्र के नाम" कार्यक्रम को दी शुभकामनाएँ

राजेश धाकड़

इंदौर। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं इंदौर की सात बार की सांसद सुमित्रा महाजन 'ताई' ने आगामी 5 अगस्त (मंगलवार) को आयोजित होने वाले "पत्रकार सम्मान समारोह" एवं "एक शाम राष्ट्र के नाम" कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया तथा आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रेषित की। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था "आदित्य" के संयोजक सचिन नीमा एवं वरिष्ठ पत्रकार तथा दिगंबर जैन समाज के आधार स्तंभ महावीर जैन ने बताया कि यह भव्य आयोजन कीमती गार्डन में संपन्न होगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं सनातनी विधायक गोलू शुक्ला के शामिल होने की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।



### कार्यक्रम के दौरान

राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण 'सत्तन' और 'ताई' सुमित्रा महाजन का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। साथ ही, वरिष्ठ पत्रकारों, कवियों, समाजसेवियों, खिलाड़ियों और कलाकारों का सम्मान भी इस अवसर पर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन स्वतंत्रता के 79वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभक्ति की भावना को समर्पित रहेगा।

कार्यक्रम की सफलता हेतु समिति के सदस्य अमर गोमे, विनोद निगम, भरत राठौर, सुरेश जैन, मनीष शिंदे, रवि खिंची, पुष्पेंद्र मौर्य, उमेश पांडे, रवि भंवर 'भाऊ', प्रवीण मौर्य आदि ने समर्पित प्रयास करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

# अर्हम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पेटलावद में "हरियाली दिवस" मनाया गया

झाबुआ : राजेश सोनी

अर्हम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पेटलावद में दिनांक 24 जुलाई 2025 को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे "मातृ धरा अभियान - नारी शक्ति से प्रकृति की शक्ति" के अंतर्गत हरियाली दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग तथा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के पश्चात परिसर में पौधारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, स्टाफ, प्राचार्य एवं संस्था संचालक ने मिलकर छायादार,



औषधीय एवं फूलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष की छात्रा रितिका पड़ियार द्वारा किया गया। इस अवसर पर संचालक श्री डॉ अल्पित गांधी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा

» "प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक विद्यार्थी को हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।" कार्यक्रम में संचालिका श्रीमती अलका गांधी एवं स्टाफ राहुल, मोनिका, दिव्या, पूनम, योगिता, नम्रता, सत्यवती, पपीता एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया।

# ''अब और नहीं सहा जाता दर्द..!''

## सारी सम्पत्तियां स्कूल के होनहार गरीब बच्चों को दान कर इंदौर की शिक्षिका ने राष्ट्रपति से मांगी इच्छामृत्यु

**''मैं आत्महत्या नहीं करूंगी...**

### क्योंकि मैं खुद अपने छात्रों को साहस के साथ जीना सीखाती आई हूं... लेकिन मेरा शरीर अब साथ नहीं दे रहा...

मैं हर दिन असहनीय दर्द से गुजर रही हूं... मैं चाहती हूं कि मुझे इच्छा मृत्यु दी जाए, ताकि मेरे शरीर के अंग किसी और के काम आ सकें, उन्हें नया जीवन मिल सके...'' यह पत्र इंदौर के जबरन कॉलोनी की सरकारी मिडिल स्कूल में व्हीलचेयर पर बैठकर बच्चों को पढ़ाने वाली 52 वर्षीय शिक्षिका चंद्रकांता जेठवानी ने राष्ट्रपति के नाम लिखा है... दरअसल, उनका वर्ष 2020 में हड्डी का एक गलत इलाज हुआ था, जिसके चलते उनके शरीर के निचले हिस्से में



लकवा मार गया... बावजूद इसके उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और बच्चों को पढ़ाना जारी रखा... वे अब भी व्हीलचेयर पर बैठकर सरकारी स्कूल के गरीब बच्चों को पढ़ाती हैं... वे छात्रों को ना सिर्फ किताबी ज्ञान देती हैं, बल्कि खुद अपना उदाहरण देकर छात्रों को साहस और हिम्मत से हर परिस्थिति का सामना करने को भी कहती हैं... इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी सारी सम्पत्तियों को भी इस सरकारी स्कूल के होनहार और गरीब 6 बच्चों में बांट दिया, ताकि उनकी आगे की शिक्षा में ''आर्थिक समस्या'' आड़े ना आए... शिक्षिका चंद्रकांता जेठवानी ने अपने अंगों को एमजीएम मेडिकल कॉलेज को दान करने का भी वादा किया... वे चाहती हैं कि उनकी मृत्यु के बाद भी उनके अंग किसी के शरीर में रोशनी लाएं... आए दिन कुछ सरकारी शिक्षकों शराब पीने से लेकर, अन्य लापरवाहियों की खबरें लगभग रोज ही सुर्खियों में रहती हैं, तो दूसरी तरफ इंदौर की यह शिक्षिका हर दिन लगभग 8 घंटे के असहनीय दर्द से कराहने के बावजूद बच्चों को पढ़ाने सरकारी स्कूल पहुंच रही हैं... शिक्षिका चंद्रकांता जेठवानी उन लोगों, खासकर युवा पीढ़ी के लिए भी बड़ी सीख हैं जो समस्या का सामना करने की बजाय अपनी जीवनलीला समाप्त करने जैसा कदम उठाते हैं..! ''सलाम है मैडम आपको!''

## इंदौर के ग्रामीण पुलिस एसपी कार्यालय पर भीम आर्मी ने जोरदार प्रदर्शन किया



**खुशबू श्रीवास्तव**

भीम आर्मी के जिला प्रवक्ता अहमद दरबारी अंबेडकर पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ मोर्चा खोला गया। इंदौर जिले के महू सहित अन्य स्थानों से आए भीम आर्मी के लोगों ने पुलिस प्रशासन कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी की और पुलिस पर बीजेपी के नेताओं के दबाव में काम करने के आरोप



लगाए। भीम आर्मी के इंदौर जिला संयोजक विशाल मुकेश करोसिया और विनोद अंबेडकर ने इस दौरान बताया कि उच्च न्यायालय अधिवक्ता और भीम आर्मी के जिला प्रवक्ता अहमद दरबारी अंबेडकर पर पुलिस अधिकारी द्वारा अनुचित जिला बादल का नोटिस भेजे जाने और झूठी एफआईआर करने के संबंध में या प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो आने वाले समय में भीम आर्मी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## देवास जिले की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा का क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी के नेतृत्व में किया भव्य स्वागत



### क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी ने करीब 15 करोड़ लागत से बन रही सिविल अस्पताल की नवीन बिल्डिंग का अवलोकन कर दिशा निर्देश दिए

**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या। बोल बम कावड़ यात्रा धाराजी से उज्जैन जाने वाली कावड़ यात्रा का नगर हाटपीपल्या में क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन द्वारा भव्य स्वागत किया गया साथ ही क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी ने सिविल अस्पताल की करीब 15 करोड़ रुपए लागत की नवीन बिल्डिंग का अवलोकन कर अधिकारियों व ठेकेदार को अच्छी गुणवत्ता वाली बिल्डिंग बनें उनको दिशा निर्देश दिए इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सेंधव अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर संतोष पाटीदार गोठी निर्भय सिंह तलाया विजय सिंह शक्तावत कृपाल सिंह सैधव दुलीचंद कुंभकार भुजराम जाट महेंद्र यादव नगर मंडल महामंत्री रमेश संदूकलिया विनोद जोशी राहुल तंवर दिपक धौसरिया मंदन बुंदेला संदीप मालवीय सुरेंद्र सिंह सैधव, गजराज सिंह सरपंच बामनी लखन मेकालिया मनीष सोलंकी पप्पू बंजारा सरपंच घुसट अभिमन्यु सेंधव नितिन प्रजापत नितिन तंवर गौरव मेश्रा गोपाल राजपूत बाली यशवंत चौहान समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद थे।

# स्वयं की आलोचना व आत्मनिरीक्षण द्वारा उन्नति का मार्ग है सहजयोग



**रणजीत टाइम्स**

यदि हम सदैव दूसरों की आलोचना करते हैं उनकी बुराई देखते हैं तो निसंदेह हम अच्छे की श्रेणी में नहीं आयेंगे। पंरतु यदि हम स्वयं की आलोचना करते हैं स्वयं की बुराई और गलतियां देख पाते हैं तो हम अच्छे हैं क्योंकि हमें अपनी बुराईयों का आभास हो रहा है। यदि कोई और हमारी आलोचना कर रहा है, हममें बुराई देख रहा है तो यह भी हमारे लिए हितकर है क्योंकि यह हमें सुधरने के लिए प्रेरित करता है,

कबीरदास जी ने कहा है :-

'निंदक नियरे राखिये, आंगन कुटी छवाय,

बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय'

आलोचना शब्द 'लुच' धातु से बना है, जिसका अर्थ होता है देखना। यह देखना सामान्य भाव से देखना नहीं है ब्लकि विशेष दृष्टिकोण से देखना है अतः यह सकारात्मक है। । स्वयं की आलोचना यदि हम अंतर्अवलोकन विधि से करें तो हमें अपने अंदर की बुराईयां दिखाई देगी और हम यह देखकर आश्चर्यचकित रह जायेंगे कि हमने अपने अंदर कितने शत्रु पाल रखे हैं जो हमारे आत्मिक उत्थान में अवरोध पैदा कर हमारा सर्वनाश कर रहे हैं क्योंकि आत्मिक उत्थान के बगैर प्रगति नहीं हो सकती है।

सहज योग ध्यान पद्धति से हम यह अनुभव पाते हैं कि जब हमारा चित्त दूसरों पर जाता है तब हम अपने से दूर हो जाते हैं। दूसरों के गुणों की अवहेलना कर सिर्फ उनमें बुराई तलाशते है तब हम अपने साथ अन्यों के रिश्ते समाप्त करने का प्रयास करते हैं। हमने देखा है कि हमारी स्वयं की आलोचना हमें कुंठित व शक्तिहीन कर देती है, हम अपनी ही नजरों में गिरने लगते हैं और आत्मविश्वास खोने लगते हैं। अतः आत्मशक्ति को बढ़ाना आवश्यक है। हमारे भीतर का आलोचक हमारी आत्मशक्ति से मिलकर ही हमारा मार्ग प्रशस्त कर सकता है। सहज योग माध्यम से ध्यान धारणा हमारी आत्मशक्ति को विकसित करती है जिससे साक्षी भाव प्राप्त कर हम अपने प्रति आ रही आलोचना को सहजता से देख पाते हैं और स्वयं के दोषों का अवलोकन करना सीख लेते हैं।

सहज योग के नियमित ध्यान से हमें स्वच्छ मानसिकता प्राप्त होती है और नकारात्मक विचार सकारात्मकता में परिवर्तित हो जाते हैं। हम सहज ध्यान के द्वारा अपनी बुराईयों, बाधाओं, दुष्प्रभावों व दुषित विचारों को अपने अंदर से निकाल पाते है। आलोचना का सकारात्मक चैतन्य सहज योग के माध्यम से आसानी से ग्राह्य होता है। हम अपनी गलतियों को छुपाते नहीं, उसे स्वीकार कर अपने उत्थान क्षेत्र को प्रशस्त करते हैं। ऐसा करने से हमारी काबिलियत बढ़ती है और परिवार और समाज के प्रति अपने दायित्व निभा पाते हैं। आलोचना का उद्देश्य स्वयं का या दूसरों का अपमान नहीं है बल्कि एक श्रेष्ठ गुण है अपनी कमियों और त्रुटियों को दूर करने का। चलिए सहज योग ध्यान को अपनाते हैं। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर है 1800 2700 800

## दृष्टि बाधित बच्चों की सेवा पापों से मुक्ति दिलाने का राजमार्ग

# दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे घर आई गंगा है,सेवा की इस गंगा में नहाकर ,उनकी सेवा से हम कृत कृतार्थ हो जाएंगे, कैलाश विजयवर्गीय




इंदौर । दृष्टि बाधित दिव्यांग बच्चे उपहास या उपेक्षा के पात्र नहीं हैं वरन ये तो श्रावण में घर आई गंगा का स्वरूप हैं जो हमें अपने पापों से मुक्ति दिलाने का मार्ग हैं और इनकी सेवा ,संस्कार को स्वरूप देकर इन्हें स्वावलंबी बनाने का कार्य जो आपके द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मीसो द्वारा अनवरत रूप में किया जा रहा है, अद्भुत है।पूरे भारत में आठ सालों में 23 कैंप पूरे कर देवी अहिल्या की पावन नगरी में 24 वां शिविर लगाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। यह उद्गार आज महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा आयोजित दृष्टिबाधित बच्चों के पांच दिवसीय ,600 बच्चों के स्किल डेवलेपमेंट शिविर में मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए , न गरिय प्रशासन ,आवास एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश जी ने व्यक्त किए।ऐसे विकट और दुरूह कार्य को इंदौर ने हाथ में लेकर ,बड़ा काम किया है। इंदौर का चैप्टर श्री हुल्लास जी बताला और उनकी टीम के नेतृत्व में इसी भावना और लगन से कर रहा है जो इंदौर का मान ही बढ़ाएगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में श्री चेतन कश्यप जी,उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री के रूप में अतिथि रूप में मौजूद रहे और उन्होंने दिव्यांग बच्चों के रोजगार के लिए पक्की योजना बनाकर उसे कार्यशील करने का वचन दिया और कहा कि ऐसे बच्चों के सर्वांगीण विकास और मुख्य धारा में जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन करना और इनके प्रति समाज के नजरिए में बदलाव लाकर सबका विकास ,सबका विश्वास और सबका साथ के मूल मंत्र को केंद्र में रखकर योजना बनानी होगी।नए औद्योगिक परिसरों , क्लस्टर्स में इसके लिए योजना बनाई जाएगी और आयोजकों को इसमें शामिल कर व्यापक दृष्टि से सोच विचारकर ठोस कार्य ही समाज को नई दिशा देंगे। श्री काश्यप जी, पूर्व सांसद श्री पुष्प जी ,महामंत्री श्री लोकेश कावड़िया ,श्री हुलास बेताला,श्री अरुण कुमार जैन, श्री सुरेश जी और जयप्रकाश जी ने साथ बैठक ली और इस योजना पर मनन किया।

पूर्व में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के विधायक गोलू शुक्ला जी ने पधारकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और समाज हित में इस प्रेरक कार्य में अपनी ओर से हरसंभव सहयोग की भावना व्यक्त की। महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने सभी का स्वागत करते हुए इंदौर की अतिथि देवो भव की परम्परा का निर्वाह करते हुए इन दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाए जाने की परंपरा का प्रदेश में नूतन प्रयोग की शुरुआत इंदौर से किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया । आभार अध्यक्ष श्री हुलास जी बेताला ने व्यक्त करते हुए अपना सौभाग्य बताया कि इंदौर चैप्टर के गठन के साथ हमें बड़ी जिम्मेदारी मिली। उप वागत गीत दिव्यागजनों ने गाया और अंत में राष्ट्र गीत से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रकाश भटेवरा ने सभी अतिथियों को कार्यशाला का अवलोकन करवाया और कुछ उत्पाद खरीदे,बड़ी संख्या में जनता ने इस गरिमामई समारोह में भाग लिया और दिव्यानगजनों की हौसला अफजाई की।अतिथियों का स्वागत जितेंद्र चोपड़ा,प्रकाश जी भटेवरा, सुरेंद्र जी डाकलिया,अरुण कुमार जैन ,जयप्रकाश लालवानी,अजय जैन,हंसमुख गांधी, सुनील बोतला,पीयूष जैन,सुभाष वन्यंक्या आदि ने माला, शाल,स्मृति चिन्ह से किया। समारोह में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जैन,कार्याध्यक्ष नरेंद्र भंडारी,अनूप बाफना,रतन चंद सुराणा,हेमंत बोहरा आदि सम्मिलित हुए।

# “हरित पर्यावरण – समृद्ध भविष्य” के संकल्प के साथ विधायक ने किया वृक्षारोपण

**रणजीत टाइम्स**

क्षेत्र की नगर परिषद, पानसेमल



द्वारा आयोजित हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर गोमती नदी के तट पर क्षेत्रिय विधायक श्याम बर्डे ने साथियो सहित वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। विधायक बर्डे ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। एक-एक वृक्ष न केवल प्रकृति का श्रृंगार है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का आधार भी। अतः, हम सब मिलकर इस धरती को और अधिक हरित, स्वच्छ और समृद्ध बनाएं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव जी चौधरी, समस्त पार्षदगण व समस्त परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रकाशा से ओम्कारेश्वर पैदल कावड़ यात्रा प्रारंभ,खेतिया पहुंचे यात्रियों का हुआ स्वागत

**रणजीत टाइम्स**

खेतिया I खेतिया नगर के संगीतमय सुंदरकांड के लिए प्रसिद्ध श्री सुंदरकांड मित्र मंडल खेतिया के तत्वाधान में श्री दक्षिण काशी प्रकाशा तीर्थ क्षेत्र से पवित्र ताप्ती नदी का जल लेकर दक्षिण काशी कहे जाने वाले प्रकाशा से शाम खेतिया से लगी महाराष्ट्र सीमा के खेड़ दिगर श्री बजरंगबली मंदिर पहुँचे जहां शहर के धर्मप्रेमियों में सभी का उत्साह से स्वागत किया।

श्री सुंदरकांड मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष पवित्र ताप्ती नदी के किनारे बसे दक्षिण काशी कहे जाने वाले प्रकाशा से ताप्ती का जल लेकर ओंकारेश्वर की कावड़ यात्रा आयोजित की जाती है। कावड़ यात्रियों का दल जब देर शाम श्री बजरंगबली मंदिर पहुंचा तो जय बजरंग बली, जय शिव शंकर का जय घोष सुनाई दिया। श्री सुंदरकांड मित्र मंडल से प्राप्त




जानकारी अनुसार खानदेश की कुलस्वामिनी देवी कानबाई का आगमन हो रहा,कानबाई उत्सव को दृष्टिगत रखते हुए कावड़ यात्रा खेड़ दीगर से ओंकारेश्वर की ओर सोमवार को प्रस्थान करेगी।

# शिकायत पर राजस्व तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने की कार्यवाही

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर I कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की जिले में लगातार कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में शिकायती सूचना के आधार पर गत दिवस 24 जुलाई 2025 को खाद्य सुरक्षा एवं राजस्व विभाग के संयुक्त दल के साथ निरीक्षण कर समोसे एवं कचौरी के सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

राजस्व तथा खाद्य सुरक्षा विभाग के दल द्वारा, फूड लाइसेंस के साथ फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड भी लगाने,



साफ सफाई रखने, खाद्य सामग्री ढंक कर रखने, ढक्कन युक्त डस्टबिन का उपयोग करने जैसे सुधार के लिए नोटिस दिया गया।

# वाहनों की चेकिंग, एक वाहन जप्त




**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर ।कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा शाजापुर क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चेकिंग की कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहनो के परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फायटर, फर्स्ट एड बॉक्स, इंमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चैक किये गये। एक वाहन को जप्त किया जाकर अभिरक्षा में रखा गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग की कार्रवाई आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगी।

# स्वर्गीय राजेंद्र सिंह पटेल गुड्डू भैया के विकास कार्य को हम नहीं भूला सकते हैं वह कांग्रेस के सच्चे सिपाही और विकास पुत्र थे

**रणजीत टाइम्स**

मक्सी I श्रद्धांजलि सभा में बोले उक्त बातें अतिथि कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रामचंद्र पटेल की तृतीय पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने उन्हें याद करते हुए कही श्रद्धांजलि सभा पटेल मार्केट स्थित उनके निज निवास पर आयोजित की गई जिसमें बड़ी संख्या में नगर सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री रामवीरसिंह सिकरवार जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह शाजापुर देवास के लोकसभा प्रत्याशी रहे राजेंद्र मालवीय राजकुमार कराड़ा अमर सिंह बकानी मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गोयल शरद शिवहरे जनपद



अध्यक्ष शाजापुर रहे कांग्रेस जनों ने उनके द्वारा किए गए नगर में विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र सिंह पटेल ने नगर में चाहे विकास कार्य कोई सा भी हो पानी सड़क नाली एवं कोरोना काल में भी लोगों की सेवा कार्य से वह कभी पीछे नहीं हटे ऐसे जननायक को आज हम श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र श्रीमाल उमेश जैन चंद्र सिंह पटेल प्रकाश जैन मुकेश पांचाल मोहनलाल लोधी लक्ष्मी नारायण लोधी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं लोधी समाज के जिला अध्यक्ष चंद्रसिंह लोधी रमेश सेठ गौलवा के कांग्रेस के रामेश्वर मालवीय लुनियाखेड़ी के सरपंच विजय टिपानिया उपडी के डॉक्टर सुरेश गुर्जर करण सिंह चौहान डॉ इलियास खान सलीम मेव निजाम मेव अदु चाचा अंडे वाले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के परिवारजन मौजूद थे कार्यक्रम में सभी कांग्रेसियों का आभार पटेल परिवार के एवं नगर के उभरते कांग्रेस नेता हर्षवर्धन पटेल ने माना इस अवसर पर पटेल परिवार के मेहरबान सिंह पटेल विजेंद्र सिंह पटेल बाबू पटेल रतन पटेल आदि परिवारजन मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पत्रकार शरद रावल द्वारा किया।

# संसारी विनय से सबका प्रिय बन जाता है - निखिल शीलाजी

## पक्खी पर्व पर बरमेचा परिवार ने करवाये सामूहिक पारणें

रणजीत टाइम्स

थांदला । जिन शासन गौरव जैनाचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी की जन्मस्थली थांदला में उनके प्रथम शिष्य आगम विशारद बुद्धपुत्र प्रवर्तक देव श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्ती वरिष्ठ साध्वी पूज्या श्री निखिलशीलाजी म.सा., पूज्या श्री दिव्यशीलाजी माताजी म.सा. आदि ठाणा - 4 का चातुर्मास गतिमान है उनके सानिध्य में तप संयम के ठाठ लगे हुए है जिनमें करीब 80 श्रावक श्राविकाओं सहित बच्चें धर्मचक्र की सामूहिक आराधना कर रहे है वही विभिन्न पर्वो पर भी सामूहिक आराधना का माहौल बन रहा है। थांदला पक्खी मण्डल के आह्वान पर संघ में 75 के करीब उपवास तप की आराधना हुई जिनके सामूहिक पारणें वर्षीतप आराधकों के साथ व्यापारी राजेश कुमार द्वारा अपने जन्मदिन को सार्थक करते हुए व छोटे भाई निलेश कुमार शांतिलाल बरमेचा परिवार ने करवाते हुए तप अनुमोदना का लाभ लिया। इस अवसर पर धर्म प्रवचन में सभा को सम्बोधित करते हुए पूज्या श्री निखिलशीलाजी म.सा. ने वीर प्रभु महावीर वाणी के अंतिम संदेश उत्तराध्ययन के 29 वें अध्ययन सम्यक्त्व पराक्रम के चौथे बोल गुरु व साधर्मी की सेवा सुषुश्रा से जीव किस फल को प्राप्त करता है के भावों पर विस्तृत विवेचना करते हुए कहा कि जीव गुरु साधर्मी की सुषुश्रा से विनय धर्म को प्राप्त होता है। पूज्याश्री ने विनय की महिमा बताते हुए कहा कि जीव में जब विनय आ जाता है तो वह धर्म को उपलब्ध हो जाता है। संसार में भी विनयवान जीव सबको प्रिय लगता है व उसकी उन्नति होती है फिर लोकोत्तर धर्म में विनय से जीव को शुभ गति प्राप्त हो तो इसमें कोई आश्चर्य नही है। पूज्याश्री ने कहा आज व्यक्ति अपनी बात सिद्ध करने भगवान तक कि कसमें खा जाता है जिससे वह कही न कही प्रभु की आशातना कर देता है वैसे ही जीवन व्यवहार में भी अनेक अवसर पर कभी छोटे बड़ो की तो बड़े छोटो की अशातना कर देते है जिसके दुष्परिणाम स्वरूप हम भव भव में भटकने को मजबूर हो जाते है इसके कुफल स्वरूप नरक में घोर वेदना, तिर्यंच में परवशता, मनुष्य में भय तो देवलोक में ईर्ष्या लोभ से दुःख ही पाते है जबकि विनय के आ जाने से आशातना से बच सकता है यही कारण है कि विनय को धर्म कहा है। जीव विनय धर्म को पाकर प्रभु भक्ति व बहुमान से जुड़कर सद्गति प्राप्त करता है। धर्म सभा में पूज्या श्री प्रियशीलाजी म.सा. ने जमालि चरित्र फरमाते हुए कहा कि जीव जमालि की तरह जिनवाणी का रसपान कर अपने भव को सुधार सकता है। जमालि ने भगवान से वाणी सुनकर अपने माता-पिता से संसार से विरक्त होने की इच्छा जाहिर की तब माता-पिता के संयम के दुखों पर अपनी दृढ़ वैराग्य प्रदर्शित करते हुए जमालि ने कहा कि संसार में जन्म, जरा, रोग व मृत्यु रूप दुःख लगा हुआ ही है फिर भी जीव इन क्षणिक सुख में उलझकर अपना मानव भव हार जाता है लेकिन संयम से वह भव सफल कर लेता है। पूज्याश्री ने कहा कि आज तो जीव जन्म को उत्सव मनाते है उन्हें यह दुःखरुप लगता ही नही है फिर रोग की बात करें तो आज प्रतिदिन नए रोग पैदा हो रहे है जिनसे जीव त्रस्त है। शारिरिक दुःख के साथ मानसिक दुःख भी जीव को लगे हुए है जिसका एहसास भी उसे हो रहा है। यदि थोड़ा चिंतन करें तो हमें लगेगा कि जीव जिन भोग उपभोग की वस्तुओं के पीछे भाग रहा है वे भी क्षणिक है अध्रुव अनित्य व अशाश्वत है। जैसे कि धन छाया के समान है कभी स्थिर नही रहता इसलिए उसे दौलत याने जिसकी दो आदत आना-जाना कभी खुशी कभी गम दे जाना ही कहा है वैसे ही घर भी सदा अपना नही रहता उसे भी आयुष्य की तरह एक दिन अनिच्छा से छोड़ना ही पड़ता है इसलिए समय रहते संयम के द्वारा आते हुए कर्मों को रोककर तप द्वारा रहे हुए कर्मों को क्षय करने से ही जीव शाश्वत सुख को प्राप्त कर लेता है। सभा में तपस्वी के गुण अनुमोदना करते हुए पूज्या श्री दीप्तिजी महासती ने आओ भाई महिमा गाये मिलकर के तपस्वी गुणवान की स्तवन के माध्यम से तप अनुमोदना कर उनका हौसला बढ़ाया। संघ सभा की जानकारी देते हुए संघ अध्यक्ष भरत भंसाली व प्रवक्ता पवन नाहर मण्डल अध्यक्ष रवि लोढ़ा ने बताया की धर्म सभा में श्रमण संघ के द्वितीय पट्टधर आचार्य प्रवर पूज्य श्री आनंदऋषिजी म.सा. की जन्मजयंती पर उनके गुणों का स्मरण करते हुए जिन शासन में योगदान के लिए उन्हें याद किया गया। वही धर्मचक्र की आराधना पर आज तपस्वियों ने 5 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किये जिसके सामूहिक पारणें संघ द्वारा स्थानीय महावीर भवन पर करवाये जायेंगें। सभा का संचालन संघ सचिव प्रदीप गादिया ने किया।



# खाद्य कारोबारियो पर 2 लाख रूपये का अर्थदण्ड

रणजीत टाइम्स




शाजापुर । न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्री बी.एस. सोलंकी ने खाद्यकारोबारकर्ता श्री मोहम्मद आफताब पिता श्री अब्दुल रशीद प्रतिष्ठान फर्म मिलन बेकरी वार्ड नम्बर 15 लालपुरा शाजापुर एवं श्री अब्दुल हाफेज शाह फर्म- मिलन बेकरी वार्ड नम्बर 15 लालपुरा शाजापुर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा-49 के तहत 02 लाख रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उल्लेखनीय है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी शाजापुर द्वारा 20 सितम्बर 2023 को संबंधितों के संस्थान से टोस्ट, पॉम तेल, शक्कर, तिल्ली, मैदा आदि के नमूने जाँच के लिए लिये गये थे। संबंधित न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था, जिस पर उक्त फर्म के खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

# "नशे से दूरी है जरूरी" झाबुआ पुलिस का प्रभावशाली जनजागरूकता अभियान

रणजीत टाइम्स

झाबुआ । मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत दिनांक 25 जुलाई 2025 को बस स्टैंड मेघनगर, एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय नौगांव, थांदला रोड रेलवे स्टेशन एवं कृष्णा फैक्ट्री मेघनगर, माध्यमिक विद्यालय खजूरखो, माध्यमिक विद्यालय बड़ी दूधी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किए गए। इस अवसर पर नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, मानसिक व शारीरिक हानियाँ, और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए, उन्हें नशे से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। यह समग्र अभियान पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। नशामुक्ति के इस जनसंकल्प को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया प्रचार, बैनर, पंपलेट



वितरण, लघु फिल्म, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, ड्राइंग तथा जन संवाद कार्यक्रम जैसे प्रभावशाली माध्यमों का प्रयोग किया जा रहा है। रक्षासखी पुलिस टीम ने युवाओं को जागरूक करते हुए यह संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और नशा उन्मूलन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इससे जुड़ने का संकल्प लिया। साथ ही ब्रम्हकुमारी जैसी संस्थाएं भी झाबुआ पुलिस के साथ नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के कार्य कर रही है झाबुआ पुलिस का यह प्रयास समाज को नशे के विरुद्ध जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण, सकारात्मक और सतत पहल है, जो एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समुदाय के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

# हरियाली अमावस्या पर नगर परिषद सहित अन्य संस्थाओं ने रोपे उम्मीद के पौधे पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**रणजीत टाइम्स**

बड़ावदा। हरियाली अमावस्या के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। नगर परिषद द्वारा अमृत हरित महा अभियान, वूमेन फार ट्री, एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कन्या छात्रावास बड़ावदा में 20 पौधे का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष रशीद खान पठान, जिला योजना समित सदस्य अनिल अवस्थी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार शर्मा , सब इंजीनियर विरल जैन एवं पीएमसी इंजीनियर, नोडल अधिकारी हिम्मत सिंह डोडिया, शैलेंद्र व्यास रवि लावरे(दरोगा) छात्रावास के शिक्षक एवं शिक्षिका, छात्राओं एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की जावरा इकाई ने गुरु छाया प्रकल्प वृक्षारोपण अभियान के अवसर पर ग्राम हनुमंतिया के माध्यमिक विद्यालय परिसर में शिक्षकों द्वारा वृक्ष लगाए गए ।जिसमें मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश जायसवाल, उपाध्यक्ष गट्टू सिंह चंद्रावत, शंकर लाल सोलंकी,नंदराम राठौर, मांगीलाल गोवरिया, हेमंत रायकवार,नर्सिंग राठौड़, रोडमल रायकवार, जीवन रांगोटा, गौरव बोरीवाल, धापू धाकड़,ऋतुराज सिंह पवार, शाहिद खान आदि शिक्षकों ने छात्र - छात्राओ के साथ मिलकर वृक्षारोपण कर ट्री गार्ड भी लगाए एवं छात्र छात्राओं ने वृक्षों को सुरक्षित रखकर उनको बड़ा करने की शपथ ली।

### एक पौधा माँ के नाम.....

हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर एक पौधा मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत भूतेड़ा स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में पौधारोपण किया । इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शंभू लाल चन्द्रवंशी,मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा,जनपद पंचायत सीईओ बलवंत नलवाया, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पिंकी धर्मेंद्र वसुनिया, उप सरपंच गोवर्धन चौधरी पंच धर्मेंद्र वासुनिया, बद्रीलाल मडोतिया ,रंजीत शर्मा , नानूराम चौधरी ग्राम पंचायत सचिव घनश्याम दास बैरागी ,टोल मैनेजर लोकेंद्र सिंह सह सचिव विनोद पाटीदार आदि मौजूद थे।

# एमपी ट्रांसको के सर्किल मुख्यालयों में आयोजित होंगे नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप



## राजधानी भोपाल से हुई पहल की शुरुआत

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा अपने वृत स्तर (सर्किल स्तर) के मुख्यालयों में प्रत्येक माह सभी संकायों के इंजीनियरों एवं लेखा अधिकारियों के लिए नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इन वर्कशॉप का उद्देश्य तकनीकी ज्ञान, अनुभव और कार्यप्रणाली को साझा कर परस्पर सीख की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में नॉलेज शेयरिंग वर्कशॉप का पहला सत्र विगत दिवस प्रशासनिक भवन, बिजली नगर कॉलोनी, गोविंदपुरा, भोपाल में संपन्न हुआ। इस सत्र में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजेश शांडिल्य द्वारा पावर कम्युनिकेशन, ओपीजीडब्ल्यू , फोटे आदि तकनीकी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

वहीं कार्यपालन अभियंता श्री अतुल नाबर ने पारेषण लाइनों, टावर, मोनोपोल इत्यादि से जुड़े अपने तकनीकी अनुभव साझा किए। इस वर्कशॉप में भोपाल मुख्यालय के अधिकारी, तकनीकी कर्मचारी सहित जबलपुर मुख्यालय से मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी और ट्रांसको के विभिन्न संकायों के अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। साथ ही निर्माण कार्य से जुड़ी विभिन्न कंपनियों के इंजीनियरों ने भी भागीदारी की। यह पहल एमपी ट्रांसको द्वारा तकनीकी सशक्तिकरण एवं नॉलेज मैनेजमेंट को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# किसानो को प्याज एवं लहसून का वाजिब दाम प्रदान करे सरकार - विधायक ग्रेवाल

## किसान हित मे विधायक ग्रेवाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रखी मांग

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने प्रदेश के किसानो के हित मे शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश के लाखो किसान परिवारों के व्यापक हित को देखते हुए प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर प्याज एवं लहसून के लिए सरकारी खरीदी केन्द्र प्रारंभ करने की मांग रखी। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि प्रदेश प्याज और लहसुन के उत्पादन में देश में अपना प्रशंसनीय स्थान रखता है। काफी मात्रा में किसान प्रदेश की भूमि और जलवायु की उपयोगिता अनुसार प्याज और लहसुन का उत्पादन करते हैं। प्रदेश में 2024-25 में 2.5 लाख हेक्टेयर जमीन पर प्याज बोया गया तथा 54.42 लाख मेट्रिक टन उत्पादन हुआ। औसत उत्पादन प्रति हेक्टेयर 24.49 मेट्रिक टन हुआ। इसी प्रकार 2.07 लाख हेक्टेयर पर



प्रताप ग्रेवाल
विधायक
मध्यप्रदेश विधान सभा
क्षेत्र क्र. 196, सरदारपुर

सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.) 454 111
मो.नं. 9893773377, 9425047157
Email: pratapgrewal11@gmail.com

क्र. 363/2025 दिनांक 25/07/2025

प्रति,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
मध्यप्रदेश शासन भोपाल

विषय :- किसानों को प्याज-लहसुन का वाजिब दाम प्रदान करने हेतु प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर सरकारी खरीदी केन्द्र प्रारंभ करने के संबंध में।

महोदय,

धन्यवाद सहित , सादर .

प्रताप ग्रेवाल
(विधायक)
विधानसभा क्षेत्र क्र. 196
सरदारपुर (धार) म.प्र.

निवास : नवीन पारिवारिक परिसर, खण्ड-ब/2, भोपाल (म.प्र.)
निवास : शबरी कन्या आश्रम परिसर, भोपावर रोड, सरदारपुर (धार) म.प्र.

लहसुन बोई गई। 21.38 लाख मेट्रिक टन उत्पादन हुआ तथा औसत उत्पादन 10.33 मे. टन प्रति हेक्टेयर है। प्याज और लहसुन के निर्यात पर बंदिश के कारण वर्तमान में इसके भाव जमीन पर आ गए हैं। और किसानों को भारी मात्रा में नुकसान हो रहा है। एक बीघा जमीन में प्याज उत्पादन के सारे खर्चे मिलाकर 50000 से 60000 रूपये आता है। आज प्रदेश की मंडियों में प्याज 6 से लेकर 12 रूपये प्रति किलो के भाव से बिका है। एक बीघा में औसतन 30 से 40 क्विंटल प्याज होता है। एक बीघा के प्याज में ही 15000 से 20000 रूपये का नुकसान हो रहा है।

यही हाल लहसुन में है। आज प्रदेश की मंडी में लहसुन 2000 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका है। एक बीघा लहसुन की खेती में 80000 से 90000 रूपये लगभग खर्च आता है तथा एक बीघा में उत्पादन 12 से 20 क्विंटल होता है। याने लागत का आधा भी नहीं मिल रहा है। जब 2017-18 के दौरान प्याज और लहसुन के भाव में इसी प्रकार की गिरावट हुई थी तथा किसानों को बेतहाशा हानि हो रही थी। तब शासन ने प्याज और लहसुन की खरीदी करके किसानों को राहत प्रदान की थी। इस प्रकार की राहत देने का समय आ गया है। इसलिए प्रदेश के लाखो किसान परिवारों के व्यापक हित को देखते हुए प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर प्याज एवं लहसून हेतु सरकारी खरीदी केन्द्र प्रारंभ किया जाए। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

# अनंतश्री पौधारोपण एवं सामाजिक समिति द्वारा हरियाली अमावस पर वृहद पौधारोपण

**रणजीत टाइम्स**

नागदा ।अनंतश्री पौधरोपण एवं सामजिक समिति द्वारा वृहद पौधरोपण का आयोजन कर 101पौधे का लक्ष्य लेकर पौधारोपण किया गया पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम अलसी राड़ी वाली माताजी के मंदिर परिसर में रखा गया जिसमें अनंतश्री परिवार के सदस्य व श्रध्दालुओं ने भाग लिया, जिसमें मुख्य रुप से पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पालक श्री राय सिंह जी चौधरी,अनंतश्री पौधारोपण एवं सामाजिक समिति के अध्यक्ष प्रवीण पाल व सचिव बजरंग सिंह चौहान उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम में सतीश कुमार मिश्रा,संजय कुमार देशमुख, श्याम लाल जाट,जीवन सिंह तंवर, राजेश कुमार यादव, चंपालाल शेर, विपिका चौहान, सुशीला जयपाल, मुकेश जयपाल, जया वशिष्ठ, मधू ठाकुर, चीकू, सिध्दा वशिष्ठ, अशोक कुमार नागर, चंदन सिंह यादव, आजाद शर्मा,मदन लाल बागरानी, तखत सिंह चंद्रावत,यज्ञदत्त शर्मा,डॉक्टर सोमनाथ मंडल, डॉक्टर रूप कुमार दास, डॉक्टर चिन्मोय मंडल, पी.डी शुक्ला, राजेश इंद्र, सचिन शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# “नशा एक व्यक्ति करता है और एक परिवार, समाज और राष्ट्र उस उत्पीड़न का भार उठाता है - डॉ. भरत शर्मा”





छात्रों द्वारा नशे के बिरुद्ध विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित

आदित्य शर्मा- 8224951278

इंदौर पुलिस ने नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान “नशे से दूरी है ज़रूरी” के अंतर्गत विशाल मानव श्रृंखला बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि डॉ भरत शर्मा ने इस उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा मान्यता देने पर इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह,IPS को प्रणाम-पत्र सौंपकर इस रिकॉर्ड की औपचारिक घोषणा की। इंदौर शहर में भँवरकुआँ से पलासिया चौराहे



तक 4800 विद्यालय के छात्र और 2300 कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर नशे से मुक्ति का आह्वान किया गया। डॉ भरत शर्मा और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से चार्टर्ड ऑफिसर अपूर्वा मेनन ने इंदौर पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह,IPS, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री मनोज के श्रीवास्तव,IPS तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री राजेश दंडोतिया का सम्मान शॉल और मेडल पहनाकर किया। डॉ भरत शर्मा द्वारा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सर्टिफिकेट का वाचन कर उसे प्रदत्त किया गया। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के सीईओ अधिवक्ता श्री संतोष शुक्ला ने भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर इंदौर पुलिस को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

“रंजीत टाइम्स” में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- “आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़”

रणजीत टाइम्स